जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/4738/2023 दिनांकः28 अप्रैल, 2023

कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा दिनांकः 28 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर विचारार्थ गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

01.राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत सत्र 2021–22 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी, जो द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले सके थे, उनका पुनः प्रवेश महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

02.राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत सत्र 2021–22 में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में परीक्षा देने वाले ऐसे परीक्षार्थी, जो तृतीय सेमेस्टर में प्रोन्नत/प्रमोट नहीं हो सके हैं, ऐसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय पोर्टल पर स्वयं आनलाईन परीक्षा/बैकपेपर फार्म भरना सुनिश्चित करेंगे।

03.राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत वर्तमान सत्र में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जो द्वितीय सेमेस्टर के किसी प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं या अंक सुधार करना चाहते हैं, ऐसे विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर स्वयं अंकसुधार/बैकपेपर का फार्म भरा जायेगा।

तद्क्रम में सूच्य है कि यथासम्बन्धित तद्नुक्रम में तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website: www.jncu.ac.inE-mail : jncuballia@gmail.com